## कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी के लिए भर्ती हेतु सूचना

### 1. पात्रता और योग्यताएं

### 1. क– अनिवार्य :

- चिकित्सा या जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर योग्यता या स्वास्थ्य प्रबंध/जन स्वास्थ्य प्रबंध/सामान्य प्रबंध/ सामाजिक और अन्य विज्ञान/लोक नीति/लोक प्रशासन में किसी ख्यातिप्राप्त संस्थान से एमबीए उपाधि के साथ न्यूनतम 20 वर्ष के अनुभव, जिसमें 10 साल का न्यूनतम कार्य अनुभव जन स्वास्थ्य या स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के क्षेत्र में विशेषतः नेतृत्व के पद पर हो।

- उत्कृष्ट संप्रेषण, लेखन और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी और न्यूनतम एक अन्य भारतीय भाषा का धारा प्रवाह ज्ञान।

- बहु–क्षेत्रीय टीम परिवेश में कार्य करने और पहल करने की की प्रदर्शित योग्यता।

- जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय और राज्य सरकारों के **अन्तर्गत** शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थाओं, नागरिक समाज और अन्य हितधारकों के साथ विभिन्न स्तरों पर प्रभावी ढंग से समन्वय और भागीदारी करने की क्षमता।

### 1. ख– वांछनीय :

- स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए नेतृत्व करने और जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए क्षमता निर्माण करने हेतु विभिन्न प्रकार की तकनीकी सहायता प्रदान कर राष्ट्रीय और/या राज्य सरकारों की सहायता करने का प्रदर्शित रिकॉर्ड।

- हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान।

### 2. भूमिका और दायित्व

कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी के अन्य विशेषज्ञों से प्राप्त तकनीकी जानकारी के समन्वय और सभी राज्यों केन्द्र शासित प्रदेशों और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कार्यक्रम प्रभागों के साथ समन्वय सहित एनएचएसआरसी का समग्र प्रभारी **होंगे**। वह :

1. एनएचएसआरसी के रूप में पंजीकृत सोसायटी के 'सदस्य सचिव' के रूप में सोसायटी के सभी कार्यों की देखरेख के लिए जिम्मेदार **होंगे** ।

2. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की पूर्ण भागीदारी के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न घटकों और विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की परिस्थिति विश्लेषण करने और नीति निर्माण हेतु साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे।

3. एकीकृत योजना और प्रबंधन के संस्थानीकरण को सुदृढ़ बनाने और वित्तीय प्रबंधन प्रणालियों को व्यवस्थित बनाने, खरीद प्रणाली को सुदृढ़ करने और व्यवस्थित बनाने, प्राथमिक और द्वितीयक स्तर पर मानदंडों (सेवाएं, स्टाफ तैनाती और बुनियादी ढांचा) के मानकीकरण, स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) और एम एंड ई को व्यवस्थित

बनाने हेतु राज्य, जिला और उप जिला स्तरों पर संगठनात्मक क्षमता निर्माण और सुधार के लिए नीतिगत प्रस्तावों की तैयारी और सुधारों का नेतृत्व करेंगे ।

4. सामुदायिक भागीदारी और सामुदायिक जागरूकता अभियान के विकास और व्यवहार परिवर्तन की जानकारी (बीसीसी) की रणनीति के लिए राज्यों की सहायता करने के लिए वरिष्ठ सलाहकारों और परामर्शदाताओं का नेतृत्व और मार्गदर्शन करेंगे।

5. पंचायती राज संस्थाओं और अन्य स्थानीय सरकारी ढांचों, सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवकों, ग्राम समितियों इत्यादि के प्रशिक्षण और अभिविन्यास सहित स्थानीय नियोजन और सामुदायिक प्रक्रियाओं के लिए संस्थागत तंत्र के विकास विकास और सहयोग का नेतृत्व करेंगे।

6. जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों की कौशल जरूरतों का विश्लेषण करने और विभिन्न राज्यों में सुदृढ़ स्वास्थ्य प्रणाली और केन्द्र और राज्य सरकारों में स्वास्थ्य मानव संसाधन विकास के क्षमता निर्माण की रूपरेखा बनाने के लिए एनएचएसआरसी का नेतृत्व करेंगे।

7. निम्नलिखित के लिए एनएचएसआरसी की क्षमताओं का विकास करेंगे :

   (i) रणनीतियां का अनुमान, नियोजन और विकास करना, और सभी विविधताओं और जटिलताओं के होते हुए क्षेत्र सुधार की योजना बनाने में।

   (ii) राज्यों को एसएचआरसी स्थापित करने और मौजूदा एसएचआरसी का क्षमता निर्माण करने के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करने में।

8. राज्यों के लिए भर्ती सूचना तैयार करने, प्रस्तावों/आवेदनों को आमंत्रित करने और भर्ती चयन आदि में सहयोग सहित तकनीकी सहायता जुटाने में मदद करेंगे।

9. वित्तीय प्रबंध कार्यक्रम उत्कृष्टता, गहन कार्यक्रम मूल्यांकन, स्थायी और उच्च गुणवत्तापूर्ण वित्त और प्रशासन सहित कार्यक्रम प्रबंध और मूल्यांकन में उत्कृष्टता सुनिश्चित करना, और रणनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समय और संसाधनों की जरूरतों की सिफारिश करेंगे।

10. परिषद के सदस्यों, उप समितियों, भागीदार संगठनों और अन्य की सक्रिय भागीदारी करवाना और प्रोत्साहित करेंगे ।

11. एक सुदृढ़ शासी निकाय का विकास, बनाए रखना और सहयोग करनाः सभी समितियों में पदेन सेवा करेगा, संचालन के लिए रणनीतिक निर्देश के साथ शासी निकाय की भागीदारी करवाएंगे।

12. उच्च कार्य निष्पादन करने वाली वरिष्ठ प्रबंधन टीम का नेतृत्व करना, प्रशिक्षित करना, तैयार करना और उसे बनाए रखना।

13. स्केलिंग प्रगति पर नज़र रखने, और कार्यक्रम घटकों का नियमित मूल्यांकन करने के लिए प्रभावी प्रणाली सुनिश्चित करेगा ताकि सफलता का आंकलन किया जा सके और उसे प्रभावी ढंग से बोर्ड, धनदाताओं अन्य भागीदारों को सूचित किया जा सके।

14. यह सुनिश्चित करेंगे कि संगठन की दीर्घकालिक रणनीति है जो अपना मिशन प्राप्त करता है, और उस दिशा में यह लगातार और समयबद्ध तरीके से अग्रसर है।

15. कार्यालयी अभिलेखों और दस्तावेजों का रखरखाव करेंगे और सरकार के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

17. कार्य क्षेत्र की महत्वपूर्ण घटनाओं और प्रवृत्तियों का कार्यसाधक ज्ञान बनाए **रखेंगे** ।

18. एनएचएसआरसी की शासी निकाय/कार्यकारी समिति और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करेंगे।

**रिपोर्टिंग:** समुदाय के सभी कार्यों के लिए कार्यकारी निदेशक, सदस्य सचिव के रूप में शासी निकाय को रिपोर्ट करेंगे और मिशन निदेशक, एनएचएम, भारत सरकार को भी रिपोर्ट करेंगे।

**आयु सीमा:** 45 से 60 वर्ष के बीच, उत्कृष्ट उम्मीदवारों के मामालों में उम्र में ढील दी जा सकती है।

**पारिश्रमिक** : प्रतिमाह रु 1,98,000/–

**कार्यकाल:** तीन वर्ष

**आवेदन कैसे करें:**

आवेदनकर्ता अपने कार्यवृत्त प्रस्तुत करें, जिसमें जन्म तिथि और सभी शैक्षणिक उपलब्धियों का ब्यौरा, कार्य अनुभव, प्रकाशन और उपर्युक्त शर्तों के सुसंगत नीतियों के लिए किए गए योगदान का उल्लेख हो। पासपोर्ट आकार की एक हालिया फोटो भी संलग्न की जानी चाहिए।

आवेदन, ई–मेल द्वारा **recruitments.nhsrc@gmail.com** पर या डाक द्वारा/दस्ती रूप से प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली–110067 को दिनांक **15-Jan-2017** को अपराह्न 4 बजे तक पहुंच जाने चाहिए। **कृपया ई–मेल से किए जाने वाले आवेदनों के मामले में विषय–लाइन पर तथा डाक द्वारा/दस्ती रूप से भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख अवश्य करें, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**